वित्तपोषण के लिए बीईएमएल और सिंडिकेट बैंक टाई-अप

अर्थ मुविंग उपकरण**

विशेष योजना के तहत रु 20 लाख से रु 300 लाख तक का ऋण**

सिंडिकेट बैंक, जो सबसे पुराने और अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है और बीईएमएल लिमिटेड, जो एक मिनिरत्न - श्रेणी- I सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम है, ने बीईएमएल द्वारा निर्मित अर्थ मूविंग एवं विनिर्माण उपकरणों के वित्तपोषण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री अजय विपिन नानावटी, अध्यक्ष, सिंडिकेट बैंक, श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल लिमिटेड, श्री मृत्युंजय महापात्रा, एमडी और सीईओ, सिंडिकेट बैंक, श्री बी आर विश्वनाथ, निदेशक (एम एंड सी), बीईएमएल और संबंधित संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए।।




*समझौता ज्ञापन के समारोह में श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल श्री अजय विपिन नानावटी, अध्यक्ष, सिंडिकेट बैंक, और श्री मृत्युंजय महापात्रा, एमडी और सीईओ, सिंडिकेट बैंक, एमओयू समारोह में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दर्शित हैं*

“मेक इन इंडिया” पहल के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन करने में बीईएमएल सबसे अग्रणी रहा है। सिंडिकेट बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने से ऋण की उपलब्धता में सुविधा प्रदान की जाएगी और खनन उद्योग में उच्च क्षमतावाले उपकरणों की बढ़ती मांग को संबोधित करेगा। श्री डी. के. होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, “यह मशीनीकरण की दिशा में खनन और निर्माण उद्योग को भी एक गति देगा”। समझौता ज्ञापन के तहत, बीईएमएल अपने ग्राहकों के वित्तपोषण के लिए एक पसंदीदा वित्तदाता के रूप में सिंडिकेट बैंक को मनोनीत करेंगे। टाई-अप व्यवस्था के अंतर्गत के ग्राहकों को रु.20 लाख से रु.300 लाख तक की सीमा में और अधिमान्य मूल्य निर्धारण पर ऋण प्रदान किया जाएगा। बीईएमएल के उपकरणों का वित्त पोषण बैंक के 'स्पेशल' योजना के तहत कवर किया जाएगा। सिंडीकेट बैंक और बीईएमएल मार्च 2020 तक इस विण्डो के अधीन रु.100 करोड़ मूल्यवाले कारोबार बुक करने की उम्मीद करते हैं।

## सिंडिकेट बैंक के बारे में

सिंडिकेट बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक है, जिन्होंने रु. 4,72,484 करोड़ के कुल कारोबार के साथ संपूर्ण भारत में अपनी उपस्थिति स्थापित की है। सिंडिकेट बैंक कर्नाटक राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है। सिंडिकेट बैंक को हाल ही में फोर्ब्स वर्ल्ड के सर्वश्रेष्ठ बैंक 2019 के अनुसार भारत में 6वाँ सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में र सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी के तहत प्रथम स्थान दिया गया है।

## बीईएमएल लिमिटेड के बारे में

बीईएमएल लिमिटेड रक्षा मंत्रालय के तहत एक अग्रणी बहु-प्रौद्योगिकी 'मिनिरत्न-श्रेणी-1' कंपनी है और यह रक्षा, रेल, बिजली, खनन और बुनियादी ढांचे जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों की सेवा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईएमएल तीन कार्यक्षेत्र हैं, यथा रक्षा और वांतरिक्ष, खनन और निर्माण और रेल और मेट्रो तथा बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ), मैसूर, पालक्काड में स्थित कार्यालयों में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं।

बीईएमएल द्वारा मीडिया रिलीस